तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 समाधान महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



11 भीषण गर्मी से बिजली की खपत 270 मेगावॉट...



## खबर संक्षेप

### सामान पार करने वाले गिरफ्तार, कबाड़ी है फरार

भिलाई। मकान निर्माण सामाग्री को चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुरूद स्थित बाड़ी से लोहे का सरिया, पाईप, एंगल, अन्य सामग्री चोरी करने वाल बिजली नगर छावनी निवासी गुलाब सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपये का लोहा कबाड़ी के गोदाम से बरामद किया है। घटना की शिकायत कुरुद निवासी बलराम साहू ने पुलिस से किया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी के सामान को सुरेश सिंह उर्फ सुरेश पाण्डेय कबाड़ी के गोदाम गुरुदीप इंटरप्राईजेस, इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई में बेचना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर कबाड़ी गोदाम से चोरी का सामान जब्त किया गया। गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी कबाड़ी सुरेश सिंह उर्फ सुरेश पाण्डेय में फरार है। जिसकी तलाश जारी है।

### घर जा रहे युवक से लूटपाट आरोपी गिरफ्तार



भिलाई। लूटपाट करने वाले युवक व अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अटल आवास जवाहर नगर निवासी उमेश सिंह परमार ने शिकायत किया था कि सिविक सेंटर से काम कर घर लौटते समय उसके साथ लूटपाट हुआ था। शिकायत के बाद पुलिस ने खोजबीन कर घासीदास नगर अटल जामुल निवासी सूरज कुमार राजभर और अपचारी बालक को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने बाइक जब्त किया गया है।

### डोडा तस्करी करते राजस्थान का युवक गिरफ्तार

भिलाई। अवैध रूप से डोडा का चूरा की तस्करी करते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर बोरसी चौक स्थित शीतला मंदिर के पास पदमनाभपुर से पकड़ा गया। युवक से पूछताछ करने पर अपना नाम नोकड़ा, गोदारा थाना भोजासार, जिला फलोदी राजस्थान जो हाल में बोरसी निवासी महेंद्र बिश्नोई बताया है। युवक के पसा से 12 किलो 330 ग्राम अवैध डोडा चूरा और नगदी 1500 रुपए बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 1.84 लाख 959 रुपये आंकी गई है। लगातार नशे का सामान लेकर दिगर राज्यों के लोग शहर में लगातार पकड़े जा रहे हैं। इसके कारण जिला नशे का बड़ा हब बन गया है। जिस तेजी से नशे का कारोबार फैल रहा है। पुलिस तस्करों को पकड़ रही है, लेकिन नशे का मास्टर माइंड आज तक पुलिस पकड़ से बाहर है। बाहर से आने वालों का पुलिस डाटा तैयार नहीं कर पाने के कारण ही नशे के कारोबारी छत्तीसगढ़ को सुरक्षित मान रहे हैं।

### हेरोइन तस्कर पकड़ाया

भिलाई। हेरोइन तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढांचा भवन निवासी रज्जी कौर अपने पुत्र किशन सिंग के साथ मिलकर अवैध रूप से हेरोइन (चिट्टा), डोडा बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस घेराबंदी कर प्रकरण में अब तकर आरोपी रज्जी कौर, किशन सिंग, मिथलेश, परमेश्वर, लोकेश, निहाल, अल्ताफ, माजिद, दीपक कुमार शाह, रणदीप, अभयजोत सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के बाद फरार आरोपी खुर्सीपार जोन-03, सड़क नंबर 4 निवासी राहुल उर्फ गौरव पाठक को पकड़ा गया।

# सीएम हेल्पलाइन 1076 शीघ्र होगी शुरू, शिकायतों के त्वरित समाधान की दिशा में राज्य सरकार की बड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली शीघ्र प्रारंभ की जा रही है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अंतर्गत संचालित इस नई व्यवस्था के माध्यम से नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं तक सरल पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी। इसी संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सलाहकार अनुराग दीवान, जिला पंचायत सीईओ, डीएफओ, अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड स्तर के अधिकारी एवं विभाग प्रमुख वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन शिकायत पंजीयन, मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा शिकायत निराकरण की चरणबद्ध प्रक्रिया की ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ ऑनलाइन मॉनिटरिंग 24×7 सुविधा और मुख्यमंत्री कार्यालय की निगरानी से आमजन को मिलेगा त्वरित न्याय

## अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



### लंबित शिकायतों पर रहेगी मुख्यमंत्री कार्यालय की निगरानी

शिकायत दर्ज होते ही संबंधित विभाग एवं अधिकारी तक प्रकरण ऑनलाइन माध्यम से तत्काल पहुंच जाएगा। पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ी होगी, जिससे अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सकेगी और शिकायतों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना कम होगी। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि शिकायतों के निराकरण के बाद संबंधित नागरिक से फीडबैक लिया जाएगा। शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही शिकायत का अंतिम निराकरण माना जाएगा। यदि शिकायतकर्ता असंतोष व्यक्त करता है, तो शिकायत स्वतः पुनः सक्रिय होकर आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित स्तर पर भेज दी जाएगी। पूरी प्रक्रिया की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

## सुविधा : पुल पर बीटी रिपेयर कार्य शुरू, ग्रामीणों और राहगीरों ने ली राहत की सांस

# जागा सेतु लोक निर्माण विभाग, परपोड़ा सिंवार शिवनाथ पुल के गड्ढों की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खबर का असर

जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और जिम्मेदार विभागों को जवाबदेह बनाने की दिशा में हरिभूमि की मुहिम एक बार फिर असरदार साबित हुई है। जिले के बेरला-कोदवा मुख्य मार्ग पर ग्राम परपोड़ा और सिंवार के बीच स्थित शिवनाथ नदी पुल की बदहाल स्थिति और पुल पर बने खतरनाक गड्ढों को लेकर प्रकाशित खबर के बाद सेतु लोक निर्माण विभाग आखिरकार हरकत में आ गया है। विभागीय अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुल पर तत्काल मरम्मत कार्य प्रारंभ करवा दिया है। वर्तमान में पुल के क्षतिग्रस्त हिस्सों पर बीटी रिपेयर और जॉइंटर मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पुल पर लंबे समय से स्केलनुमा बड़े गड्ढे बन गए थे, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पुल से गुजरने वाले लोग हर समय दुर्घटना की आशंका में सफर करने को मजबूर थे। कई बार वाहन चालक गड्ढों से बचने के प्रयास में असंतुलित होते दिखाई देते थे, जिससे हादसे की आशंका लगातार बनी हुई थी। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग लंबे समय तक अनदेखी करता रहा।

इसी गंभीर समस्या को लेकर हरिभूमि ने 12 मई 2026 के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर प्रशासन और विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया था। खबर प्रकाशित होते ही विभागीय अमला सक्रिय हुआ और मौके का निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से में पुराने जॉइंटर मटेरियल को हटाकर नए बीटी रिपेयर मटेरियल डाले जाने की तैयारी की जा रही है, जिससे आगामी दिनों में पुल पूरी तरह गड्ढामुक्त और सुरक्षित हो सकेगा।

## खबर प्रकाशित होते ही विभाग हरकत में आया



### आवागमन का प्रमुख मार्ग, हजारों लोगों की निर्भरता

बेरला-कोदवा मार्ग क्षेत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग माना जाता है, जहां से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों को जिला मुख्यालय सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ता है। पुल की खराब स्थिति के कारण न केवल वाहन चालकों को दिक्कत हो रही थी, बल्कि व्यापारिक और दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही थीं। बरसात के मौसम से पहले पुल की मरम्मत शुरू होने को लोगों ने राहतभरी पहल बताया है।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

पुल पर मरम्मत कार्य शुरू होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों और नियमित रूप से इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन चालकों ने राहत व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं होता तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने जनहित की इस समस्या को प्रमुखता से उठाने के लिए हरिभूमि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया की सजगता के कारण ही विभाग को कार्रवाई करने मजबूर होना पड़ा।

### बरसात से पहले मरम्मत जरूरी

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बरसात शुरू होने से पहले पुल की पूरी तरह मरम्मत नहीं होती तो गड्ढे और अधिक खतरनाक हो जाते। ऐसे में अब शुरू हुआ मरम्मत कार्य आने वाले समय में बड़ी राहत साबित होगा। लोगों ने विभाग से गुणवत्ता के साथ स्थायी मरम्मत कराने की मांग भी की है ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति निर्मित न हो।

## गौवंश तस्करी पर कार्रवाई

# दो मामलों में 12 गौवंश, ट्रक और पिकअप जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना नवागढ़ पुलिस ने गौवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग प्रकरणों में कुल 12 नग गौवंश, एक ट्रक एवं एक पिकअप वाहन सहित लगभग 7 लाख 14 हजार रुपये की संपत्ति जब्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई गौसेवकों की सूचना पर की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमेश यादव निवासी वार्ड क्रमांक 04 नवागढ़ एवं अन्य गौसेवकों ने थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 मई 2026 की रात करीब 11 बजे सूचना मिली थी कि ग्राम मजगांव-छिरहा की ओर से एक ट्रक क्रमांक सीजी 25 एल 0947 में मवेशियों को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक भरकर कत्लखाना ले जाया जा रहा है। सूचना पर गौ रक्षक समिति के सदस्य ग्राम प्रतापपुर मेन चौक पहुंचे, जहां ट्रक सहित 8 नग मवेशियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुरेन्द्र निषाद (35 वर्ष), सुखीराम जायसवाल (32 वर्ष) एवं कपिल जायसवाल (38 वर्ष) निवासी ग्राम मजगांव थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा बताए। ट्रक में गाय, बछड़ा एवं अन्य गौवंश को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था तथा आरोपियों के पास परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। इस पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1990 की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया।

इसी तरह दूसरे प्रकरण में 24 मई की रात करीब 1 बजे सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन क्रमांक सी जी 25 4168 में 4 मवेशियों को भरकर ग्राम गाड़ामोर से रनबोड़ की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर गौ रक्षक समिति एवं पुलिस टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसा। ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ कुल जप्ती लगभग 7 लाख 14 हजार रुपये कत्लखाना ले जाए जा रहे थे मवेशी

## कुसमी नपं में कचरा प्रबंधन को लेकर पहल

# नए नियमों से चमकेगा नपं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बनी ठोस रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पंचायत कुसमी को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने की दिशा में प्रशासन ने बड़ी पहल करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में विगत गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) एस.के. गभाने की अगुवाई में आयोजित हुई, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश साव, उपाध्यक्ष राधेश्याम ढीमर सहित सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कचरा प्रबंधन को लेकर नई कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब गीला कचरा, सूखा कचरा एवं हानिकारक सेनेटरी ठोस कचरे का उद्गम स्थल पर ही पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) किया जाएगा। इसके लिए घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ताकि नागरिक स्वयं कचरे को अलग-अलग कर नगर पंचायत को सहयोग प्रदान करें। इस दौरान सीएमओ एस.के. गभाने ने जनप्रतिनिधियों को नए नियमों एवं वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि जनसहभागिता के बिना स्वच्छता अभियान को पूर्ण सफलता नहीं मिल सकती।

उन्होंने सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में लोगों को जागरूक करने की अपील की। वहीं उपाध्यक्ष राधेश्याम ढीमर ने कहा कि कुसमी को कचरा मुक्त एवं नंबर वन नगर पंचायत बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने वार्ड स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत कुसमी को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लेते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से पालन कराने की बात कही।

### तीन माह बाद भी साईं मंदिर में चोरी का मामला अनसुलझा

भिलाई। तीन माह पहले हुए मंदिर चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। घटना सेक्टर-6 स्थित श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर की है। घटना 26 फरवरी 2026 की रात की है। मंदिर परिसर में सीसी कैमरा भी लगा हुआ है। वारदात को सुलझाने के लिए टीम भी बनाई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं पाई है। जांच में पुलिस की टीम बिहार के वैशाली तक भी पहुंची थी। पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। पुलिस के मुताबिक मामले में किसी बाहरी गिरोह का हाथ होने का संदेह है। एमपी, हरियाणा समेत अन्य राज्यों के गैंग पुलिस के रडार पर हैं, लेकिन इतनी बड़ी चोरी मामले में पुलिस को सुराग तक नहीं मिल पाया है।

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 60 आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश, कई मामलों का मौके पर समाधान



कलेक्टरेट कार्यालय स्थित जनदर्शन कक्ष में सोमवार अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें लेकर पहुंचे।

अपर कलेक्टर श्री जगत ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनदर्शन के दौरान प्राप्त आवेदनों के संबंध में अपर कलेक्टर जगत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल निर्देशित किया तथा आवश्यक मामलों में अधिकारियों को मौके पर उपस्थित होकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने कहा। कई प्रकरणों में आवेदकों की समस्याओं का समाधान जनदर्शन स्थल पर ही कर दिया गया, जिससे आमजन ने प्रशासन की तत्परता पर संतोष व्यक्त किया। आयोजित जनदर्शन में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राजस्व प्रकरणों, आधारभूत सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे। तात्कालिक महत्व के आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चालित ट्रायसायकल प्रदाय, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने, राशन कार्ड सुधार, पेयजल समस्या, विद्युत आपूर्ति, राजस्व सीमांकन एवं भूमि संबंधी विवादों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। नागरिकों ने शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ दिलाने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजीव भवन में आयोजित सभा में शहीद नेताओं को नमन

# झीरम घाटी शहादत दिवस पर कांग्रेसजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




राजीव भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहीद नेताओं को किया नमन, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प झीरम घाटी हमला के शहादत दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वर्ष 2013 के झीरम घाटी कांड में शहीद हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि 25 मई का दिन छत्तीसगढ़ एवं देशभर के कांग्रेस जनों के लिए अत्यंत दुखद और भावुक दिन है। उन्होंने कहा कि यह दिन सदैव उन महान नेताओं के बलिदान, संघर्ष और कांग्रेस विचारधारा के प्रति उनके समर्पण की याद दिलाता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में महेंद्र कर्मा, नंद कुमार पटेल, उदय मुदलियार सहित अन्य दिवंगत कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद नेताओं को नमन किया। आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतंत्र, सामाजिक न्याय एवं जनसेवा की विचारधारा पर चलती रही है। झीरम घाटी के शहीद नेताओं का संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद नेताओं के बताए मार्ग पर चलने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मिथलेश वर्मा, दिनेश पटेल, शशि प्रभा गायकवाड, शकुन्तला साहू, रूबी सलूजा, सुमन गोस्वामी, प्रांजल तिवारी, मनोज शर्मा, दीपक दिनकर, प्रकाश ठाकुर, भाव सिंह राज, चितरेन वर्मा, विकास चौबे, रग्घू तिवारी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपशिष्ट प्रसंस्करण, डिजिटल ट्रैकिंग और पेनल्टी पर दिया विशेष जोर

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 संबंधी कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता एवं नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा के उपस्थिति में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के परिपालन के संबंध में यह कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, नगरीय निकायों की जिम्मेदारी, ठोस अपशिष्ट उत्पादक के कर्तव्य, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। स्थल पर ही अपशिष्ट प्रसंस्करण, डिजिटल ट्रैकिंग तथा पेनाल्टी पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### स्वच्छता के लिए जनसहभागिता हो

कार्यशाला में निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने शहर वासियों से स्वच्छता हेतु जनसहभागिता हेतु विशेष आग्रह किये। घरों से समय पर कचरा उठाव हेतु जीपीएस सिस्टम जल्द लागू करने की बात कही गई है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का उद्भव एवं विकास का उद्देश्य है। इस संबंध में पीपीटी के माध्यम से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं पीआईयू अभिनव ठोकने के द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। घरों से निकलने वाले कचरा का विधिवत निपटान एवं प्रबंधन हेतु चर्चा की गई। उद्देश्य लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट सुनिश्चित किया जाना है।




### कचरे का अलग-अलग प्रबंधन जरूरी

प्रमुख प्रावधान अपशिष्ट उत्पादकों के लिए स्त्रोत पर अपशिष्ट का पृथक्करण एक वैधानिक अनिवार्यता है, जिसमें गीला, सूखा, सैनिटरी अपशिष्ट शामिल है। नियमों के अनुपालन में विफलता अब मात्र प्रशासनिक त्रुटि नहीं मानी जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तीन स्तरीय प्रवर्तन व्यवस्था अनिवार्य की गई है, जिसमें तत्काल जुर्माना, आपराधिक अभियोजन तथा पर्यवेक्षण दायित्वों का निर्वहन न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही शामिल है। प्रथम स्तर प्रारंभिक क्रियान्वयन नहीं होने पर तत्काल अर्थदण्ड, द्वितीय स्तर पर निरंतर अनुपालन नहीं करने पर पर्यावरणीय प्रतिकर एवं अभियोजन, तृतीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा पालन नहीं करने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

### रिपोर्टिंग व निगरानी करें

कार्यशाला में बताया गया कि संग्रहण एवं पृथक्करण, पंजीकरण एवं डिजिटल अनुपालन, संस्करण अवसंरचना, प्रमाण पत्र जारी करना, लैंडफिल एवं डंपसाइट प्रबंधन, निगरानी एवं रिपोटिंग को शामिल किया गया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंहा ने कार्यशाला के दौरान कहा कि वाहनों का वॉशिंग और सायरन बजना प्राथमिकता होना चाहिए। शहर के खुले में कचरा फेंकने वालों के लिए विशेष अभियान चलाने कहे हैं। इस संबंध में पर्यावरण विभाग के अधिकारी गजेंद्र का व्याख्यान भी हुआ। उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान किये एवं पालन न करने की दिशा में कार्रवाई के संबंध में अवगत भी कराए।

### पार्षदों ने दिए सुझाव

इस विशेष कार्यशाला में शहर के वरिष्ठ पार्षद जालंधर सिंह, स्मिता डोडके, मुकेश अग्रवाल, संजय सिंह, नोहर वर्मा, अभय सोनी, के जगदीश, मीरा बंजारे, प्रियंका साहू, गिरजा बंछोर, सहित शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक विशेष रूप से शामिल रहे। सभी सम्मानित पार्षदों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने जनहितैषी अपने बेहतर सुझाव दिए।

## खबर संक्षेप



### आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई राजीव की पुण्यतिथि

**भिलाई।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने कहा कि उनका त्याग और बलिदान युग-युग तक देशवासी याद रखेंगे। राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर की क्रांति लाई थी और देश में युवाओं को 18 वर्ष आयु में मतदान का अधिकार दिलाने का किया था। कार्यक्रम को पार्षद और एमआईसी सदस्य साकेत चन्द्राकर व वरिष्ठ कांग्रेसी कलाम खान ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जी याकूब, सत्यनारायण गुप्ता, डीपी सिंह, राकेश ठाकुर, संदीप कोरी, आकाश हांडे, गजेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

### उरला वार्ड के हमर क्लीनिक में समस्याओं का होगा निराकरण

**दुर्ग।** आईएचएसडीपी आवास उरला में प्रति बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हमर क्लीनिक के अंतर्गत हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। इस दौरान अब दुर्ग निगम की जुड़ी शिकायतें भी की जा सकेंगी। हंसराज नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस विषय को लेकर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से मुलाकात की। इसके बाद आयुक्त के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। समाजसेवी जयवर्धन ने बताया कि आईएचएसडीपी कालोनी उरला वार्ड 58 के हमर क्लीनिक में संचालित निगम के अस्थाई जोन कार्यालय में राशनकार्ड, पेंशन व टैक्स से संबंधित सभी प्रकार के कार्य किए जाएंगे। बुधवार 20 मई को भी शिविर लगाया जाएगा, जिसमे क्षेत्र में नियुक्त राजस्व अधिकारी शिवा परिहार व लक्ष्मी शर्मा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। संपूर्ण पटरीपार के नागरिकों की आवश्यकता, समस्याओं के निराकरण व सुविधाओं में बढ़ोतरी के उद्देश्य से आईएचएसडीपी कालोनी उरला व दुर्ग में समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा जनहित व बेहतर वातावरण निर्माण हेतु विभिन्न विषयों में निरंतर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग ने पति-पत्नी दोनों की काउंसलिंग पर दिया जोर

# हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में पति निभाएंगे जिम्मेदारी गोसइय्यां कार्यक्रम के तहत दी गई खास ट्रेनिंग

## डिलीवरी प्लान से लेकर ब्लड डोनर और खानपान तक दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

जिले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी और बेहतर देखभाल को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब गोसइय्यां कार्यक्रम के माध्यम से पतियों को यह सिखाया जा रहा है कि गर्भावस्था के दौरान अपनी पत्नी की देखभाल कैसे करें और प्रसव के समय किन जरूरी बातों का ध्यान रखें।

भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल सुपेला में आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के साथ उनके पतियों को भी विशेष प्रशिक्षण और काउंसलिंग दी गई। कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, अस्पताल चयन, ब्लड डोनर की व्यवस्था, खानपान, आयरन और कैल्शियम की दवाइयों के महत्व सहित कई जरूरी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके तहत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं और पहली तिमाही के बाद की नई गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की जाती है। गोसइय्यां कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं और उनके पतियों को छह प्रमुख बिंदुओं पर काउंसलिंग दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में आयोजित सत्र में बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि सभी हितग्राहियों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और बैंक खाते को आपस में लिंक करना जरूरी है। इससे अस्पताल विजिट के दौरान मिलने वाली 100 रुपए की सहायता राशि और प्रसव के बाद जननी सुरक्षा योजना का लाभ सीधे खाते में पहुंच सकेगा।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3

### डिलीवरी से पहले अस्पताल तय करने की सलाह

कार्यक्रम में यह भी समझाया गया कि प्रत्येक हाई रिस्क गर्भवती महिला को पहले से यह तय कर लेना चाहिए कि उसकी डिलीवरी किस अस्पताल में कराई जाएगी। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल की डिलीवरी फैसिलिटी की जानकारी देने के साथ हायर सेंटर मैपिंग कराई गई ताकि प्रसव के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला नोडल मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. अर्चना चौहान ने कहा कि प्रसव के दौरान यदि रक्त की आवश्यकता पड़ जाए तो पहले से ब्लड डोनर की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। इसी वजह से पतियों को ब्लड डोनर तैयार रखने और जरूरत पड़ने पर तत्काल संपर्क व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी गई।



सिविल अस्पताल सुपेला

### आपात स्थिति में 102 और 108 से तुरंत करें संपर्क

कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के कारणों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि कम कद, थायराइड, हाई ब्लड प्रेशर, अधिक उम्र में गर्भधारण, पूर्व में सीजर ऑपरेशन, ब्लड निगेटिव फैक्टर जैसी कई स्थितियां गर्भावस्था को जोखिमपूर्ण बना सकती हैं। ऐसे मामलों में नियमित जांच और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को यह भी बताया कि आपात स्थिति में मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 102 और 108 एंबुलेंस सेवा से तुरंत संपर्क करें। साथ ही संबंधित मेडिकल ऑफिसर और सेक्टर सुपरवाइजर के मोबाइल नंबर सुरक्षित रखने की सलाह दी गई।

### प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने बताया तरीका

काउंसलिंग के दौरान महिलाओं को पौष्टिक भोजन लेने, आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां नियमित खाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राकृतिक पोषण के लिए पालक, हरी सब्जियां, मूंगा और गुड़ खाने के फायदे बताए गए। वहीं गर्भावस्था में ढीले कपड़े पहनने और हील वाले चप्पल से बचने की सलाह भी दी गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जांच करना नहीं, बल्कि पूरे परिवार विशेषकर पतियों को जिम्मेदार बनाना है ताकि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिल सके और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।

## खुले में मांस-मछली बेचने और गंदगी फैलाने वालों पर निगम की गाज, वसूला गया जुर्माना



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खुले में मांस, मछली का विक्रय करने वाले और दुकानों के आसपास गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदंड लगाया गया। जोन-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में की गई इस कार्रवाई के तहत कुल 2,150 रुपये जुर्माना वसूला गया।

वार्ड 27 से इन्दू देवी सब्जी दुकान (गंदगी फैलाने पर) 300 रुपए, वार्ड 28 से सानिया गंदगी फैलाने पर 50 रुपए, वार्ड 29 से अभय सिंह गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 30 लोकराम से गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 31 कविता अहिर गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 32 परस राम मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500रुपए, वार्ड 33 मो. शरीफ मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए एवं वार्ड 34 मो. सलमान मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस तरह कुल 2150 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। निगम आयुक्त ने सभी व्यापारियों और नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने दुकानों और घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें। मटन, चिकन या मछली विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमों के दायरे में रहकर ही व्यापार करें और कचरे का निपटान सही तरीके से करें, अन्यथा आगे भी इस तरह की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

## फर्जी टैक्स वसूली पर लगेगी रोक, निगम ने सहायक राजस्व निरीक्षकों को जारी किए पहचान पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

करदाताओं के हितों की सुरक्षा एवं फर्जी टैक्स वसूली की शिकायतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षकों को आधिकारिक पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। निगम प्रशासन की इस पहल से अब करदाता आसानी से निगम के अधिकृत कर्मचारियों की पहचान कर सकेंगे तथा फर्जी व्यक्तियों द्वारा टैक्स वसूली के नाम पर होने वाले फर्जीवाड़े पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। इस संबंध में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा कर संग्रहण कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा नियुक्त अधिकृत कर्मचारी ही टैक्स संग्रहण कार्य करेंगे और सभी कर्मचारियों को



पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं।

बैठक में राजस्व अधिकारी आरके बोरकर सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि टैक्स भुगतान करने से पहले संबंधित कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य देखें और सत्यापन के बाद ही राशि जमा करें।आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से सावधानी बरतने की बात कही। कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना पहचान पत्र के टैक्स राशि की मांग करता है, तो उसकी जानकारी तत्काल संबंधित वार्ड पार्षद अथवा नगर निगम कार्यालय से सत्यापित करें। यदि मामला फर्जी पाए जाने की पुष्टि होती है तो तत्काल पुलिस को भी सूचना दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

नगर निगम प्रशासन ने करदाताओं से कहा कि वे करों का भुगतान अधिक से अधिक ऑनलाइन माध्यम से करें। ऑनलाइन भुगतान से समय की बचत होती है, पारदर्शिता बनी रहती है तथा करदाताओं को निगम कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### सड़क चौड़ीकरण का रास्ता साफ

**दुर्ग।** नगर निगम प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के महाराजा चौक से बोरसी मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण और प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बाधक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। महाराजा चौक से बोरसी मार्ग चौड़ीकरण तथा मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कई स्थानों पर अतिक्रमणकर्ता स्वयं आगे आकर अपने कब्जे और निर्माण हटा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों द्वारा स्थायी एवं अस्थायी रूप से दुकान, बाउंड्रीवाल, पक्के निर्माण, शेड एवं अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



दुर्ग। राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स गाइड्स इंदरजीत सिंग खालसा एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी के निर्देशानुसार तथा जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त अरविंद मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में सुखन्द देवांगन के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शहर में चलाया गया।

## जलभराव और जल निकासी संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान

# जल निकासी व्यवस्था एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

आगामी बारिश के मद्देनजर नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर में जलभराव और जल निकासी संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं निगम अमला लगातार शहर की व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहा है। इसी क्रम में लोक कर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने वार्ड पार्षद दीपक साहू, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी शेखर दुबे के साथ सहगल ऑटो के समीप कसारीडीह नाला पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया।

- बारिश पूर्व तैयारियों का महापौर ने किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष तैयारी की जा रही है। जानकारी अनुसार शंकर नाला मुक्तिधाम के पीछे से सफाई अभियान प्रारंभ कर सुराना कॉलेज केलाबाड़ी नाला, पोटिया नाला सहित कसारीडीह नाला की व्यापक सफाई कराई जा रही है। साथ ही जलभराव संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।



### जिम्मेदारों का कहना है

**महापौर अलका बाघमार** ने कहा कि निगम प्रशासन बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के प्रमुख नालों एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**आयुक्त सुमित अग्रवाल** ने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव एवं नाली जाम जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नियंत्रण व्यवस्था भी बनाई जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगम की टीम नियमित मॉनिटरिंग करेगी तथा शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## लोक संस्कृति जस फाग झांकी संघ की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**दुर्ग।** जिला लोक संस्कृति जस फाग झांकी संघ की बैठक अंगार मोती भवन में हुई। जिसमें दुर्ग जिला के सभी गीतकार गुरुजन और दुर्ग जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ आय व्यय की जानकारी, भवन निर्माण के लिए चर्चा दुर्ग में झांकी रोड शो पर चर्चा की गई। दुर्ग में रोड शो के लिए हिन्दू युवा मंच, शिव सेना, बजरंग दल और अन्य हिन्दू सनातनी संगठन से दुर्ग जिले के पदाधिकारी मिलकर कुछ नियम व शर्तों के साथ रोड शो करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बताया गया कि आने वाले नवंबर माह में दुर्ग जिले के सभी आयोजन समिति और सभी टीम के समक्ष एक बैठक और होगी जिसमें सभी को संघ के नियम की जानकारी दी जाएगी। संघ के जिलाध्यक्ष पवन यादव, सचिव दुर्वासा मेश्राम, उपाध्यक्ष जयदेव, उपकोषाध्यक्ष हेमंत सिंह चौहान, एवन साहू, वरिष्ठ रचनाकार पुरन साहू, धनराज निर्मलकर, ग्वाल दास, चेतन यादव, यशपाल यादव, रतनू चौधरी, देवा देशमुख, दादू नेताम, राजा साहू, किशन साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे यह जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा ने दी।



# भीषण गर्मी से बिजली की खपत 270 मेगावॉट से 410 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी का पारा 45 डिग्री सेल्सियस चला गया है। इस भीषण गर्मी में एसी, कूलर व पंखें दिन रात चल रहे हैं। जिसकी वजह से बिजली की खपत 45 प्रतिशत बढ़ गई है। जनवरी महीने या आम दिनों में 270 मेगावॉट की खपत दुर्ग भिलाई शहर में थी।

वर्तमान में यही शहरवासी 410 मेगावॉट की बिजली जला रहे हैं। यानी 45 प्रतिशत खपत गर्मी में बढ़ गई है। बिजली की ऐसी खपत होने की वजह से ट्रांसफार्मरों में लोड भी ज्यादा बढ़ गया है। लोड बढ़ने से अचानक बिजली बंद हो रही है।

## खपत इतनी अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मरों पर लोड, बिजली हो रही अचानक बंद

### हर दिन कई बार बिजली बंद की समस्या

भीषण गर्मी में हर दिन बिजली बंद की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। सुपेला, पावरहाउस, छावनी, रामनगर, वैशालीनगर, खुर्सीपार , भिलाई तीन, नेहरूनगर, रिसाली, नेवईभाठा, चंद्रनगर, लोकनगर , न्यू नेहरूनगर, कबीरनगर उमरपोटी, दुर्ग संतराबाड़ी , केलाबाड़ी, विद्युतनगर, हॉस्पिटल एरिया, शंकरनगर, सिकोलाभाठा, सिकोला बस्ती, सिविल लाइन, बोरसी, तितुरडीह आदि क्षेत्रों में बिजली बंद होने की ज्यादा समस्या है। लोगों ने बताया कि दिन में कई बार बिजली बंद हो जाती है। रात में भी यही स्थिति है। शिकायत करने के बाद भी सुधारने के लिए नहीं आते।





### लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर हो रहे फेल

बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी फेल हो रहे हैं। उतई विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर हाल ही में फेल हो गया। इसे सुधारने में दो दिन लगे। इसी तरह सुपेला, पावरहाउस, छावनी क्षेत्र में भी ट्रांसफार्मर हाल ही में लोड बढ़ने की वजह से फेल हुए हैं। दुर्ग में भी यही समस्या आई। अब तो हाल यह है कि विद्युत वितरण कंपंनी के अधिकारी थोड़ी सी भी हवा का रूख बदलता है बिजली सप्लाई ही बंद कर देते हैं। कूलरों के जरिए ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने की भी जुगत विभाग ने शुरू कर दी है।

### पारा 44.5 डिग्री पर दिनभर लू का अटैक

ट्विनसिटी का पारा रविवार को 44.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे दिन लू का अटैक रहा। अलसुबह ही तेज धूप निकली और गर्म हवाएं भी इसी के साथ चलना शुरू हो गई। शाम को भी गर्म हवाओं से राहत नहीं मिली। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर पश्चिम से आने वाली शुष्क और गर्म हवा के प्रभाव के कारण अधिकतम तापमान बढ़ा हुआ है । अभी इसमें विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है । मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय संगीत कॉलेज में दाखिला शुरू

**भिलाई।** शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय, दुर्ग में बी.पी.ए. प्रथम वर्ष (बैचलर ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स) - शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी), भरतनाट्यम, लोक संगीत विषय में प्रवेश हेतु इंदिरा कला एवं संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ से प्राप्त सूचना के आधार पर आवेदन की प्रक्रिया के लिए निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गयी है।महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित मार्गदर्शिका सिद्धांत का पालन किया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म लेने की पंजीयन प्रारंभ हो गई है। अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गयी है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रावीण्यता सूची बनायीं जाएगी साथ ही अभिरुचि परीक्षा ली जा सकती है। चयनित विद्यार्थियों की सूची 30 जून 2026 को जारी की जाएगी सीट रिक्त होने पर ही द्वितीय सूची निकाली जाएगी। पाठ्यक्रमों में आयु सीमा का बंधन नहीं है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र छात्राएं वी वाय टी विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के परिसर में संचालित नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के कार्यालय से सुबह 11 से दोपहर 2 के बीच आकर आवेदन फॉर्म ले सकते हैं। यहां भारतीय जान परंपरा के अनुरूप मुख्य रूप से शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी), भरतनाट्यम एवं लोक संगीत विषय पढ़ाये जाते हैं। पिछले कई सालों से यहां के संगीत विद्यार्थियों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है।

आंख मूंदकर बैठे हैं निगम के अधिकारी, शिकायत के बाद भी नहीं की जा रही कार्रवाई

## साईं मंदिर के नाम पर शासकीय जमीन पर कब्जा, बन रही अवैध दुकान और मैरिज हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में अवैध और बिक चुकी रोड रास्ता की जमीन पर कब्जा करके पक्का निर्माण करने का सिलसिला तेजी से चल रहा है। इसकी शिकायत भी की जा रही है, लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारी अतिक्रमण को हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ताजा मामला कुरूद स्थित साईं मंदिर प्रांगण का है। यहां कुछ लोगों ने समिति बनाकर साईं मंदिर के नाम पर नगर से लगी एक खाली पड़ी शासकीय जमीन पर कब्जा कर उसका आवंटन कराया। कुछ सालों में अब यहां आबंटित जमीन से बड़ी जगह में घेरा करके बाउंड्रीवाल बना दी गई है। यहां अब धड़ल्ले से मैरिज हाल संचालत कर पैसा वसूला जा रहा है। मैरिज हाल चलाने के लिए ना तो निगम से ना अन्य विभाग से अनुमति ली गी है। हालत यह है कि जिस दिन भी यहां शादी होती है पूरी रोड में गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं और जाम लग जाता है। इससे करूद, ढांचा भवन, प्रगति नगर और हाउसिंग बोर्ड व गोकुल धाम जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत करने के बाद भी जामुल पुलिस या निगम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। क्षेत्र के भाजपा नेता नंदू टंडन का कहना है कि यह जगह मंदिर प्रांगण के नाम पर ली गई थी। आज यहां शादी भवन और टेंड हाउस चलाकर व्यापार किया जा रहा है। निगम और जिला प्रशासन को चाहिए कि यहां कार्रवाई करे, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

### कुरूद में अतिक्रमण रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे अधिकारी






### मंदिर की जमीन पर कब्जा कर बना दी दुकान

मंदिर के ठीक बगल से हाउसिंग बोर्ड की कुछ दुकाने बनाई गई हैं। इन दुकानों के क्षेत्र के रहवासी शोयेब खान और सुनील कुमार सिंह व अन्य ने खरीदा और वहां व्यापार कर रहे हैं। सुनील कुमार सिंह ने मंदिर की जगह पर कब्जा किया और वहां एक अलग से दुकान बना ली है। यहां उसने नंदिनी डेली नीड्स नाम से बोर्ड भी लगा दिया है। दुकान बनाकर उसके ऊपर शेड बना दिया है। शोयेब खान ने बताया कि उन्होंने साईं मंदिर भवन परिसर में अवैध रूप से मैरिज हॉल संचालित करने और अवैध दुकान बनाने की शिकायत निगम और कई अन्य जगह की है, लेकिन अधिकारियों से पहुंच के चलते यहां कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।सुनील सिंह का कहना है कि उसने खुलेआम अवैध दुकान बनाई है, निगम या जिला प्रशासन के अधिकारियों की हिम्मत है तो वो इसे तोड़ कर दिखाएं, उसकी पहुंच काफी ऊपर तक है। इससे साफ है कि जिम्मेदार अधिकारी अतिक्रमण के सामने बौने नजर आ रहे हैं।

### कैलाश नगर में रोड पर बना दिया मकान लेकिन कार्रवाई नहीं

इसी तरह कैलाश नगर जोन 2 वार्ड 21 में अरिहंत टेडर्स के पीछे एक व्यक्ति ने कालोनी की 30 रोड़ में 10 फिट रोड घेरकर वहां दो मंजिला इमारत खड़ा कर दिया है और आगे भी निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं। कालोनी के लोगों ने कलेक्टर, तहसीलदार और निगम में कार्रवाई के लिए शिकायत गुहार लगाई। मीडिया में भी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर गए उन्होंने देखा कि गलत निर्माण हो रहा है, लेकिन कार्रवाई करने की जगह बैरंग ही वापस लौट आए। इससे अतिक्रमण करने वाले के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

## बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम पेट्रोल पंपों में लटके ताले : कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, ईंधन संकट और किसानों को खाद की कमी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने जारी बयान में केंद्र एवं राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि चुनाव के बाद लगातार चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए जाने से आम जनता की परेशानियां बढ़ गई हैं।

- आम जनता और किसानों को राहत देने बढ़ी कीमतें वापस लेने की मांग

महंगाई की मार झेल रहे लोगों को अब बढ़ी कीमतों के बावजूद समय पर ईंधन भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले एवं प्रदेश के कई पेट्रोल पंपों में अब भी ताले लटके हुए हैं, जिससे आम नागरिक, किसान और वाहन चालक परेशान हैं। लोगों को पेट्रोल-डीजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है और इससे जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। आशीष छाबड़ा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। परिवहन खर्च बढ़ने से खाद्य सामग्री, सब्जियां, दाल, तेल, गैस सिलेंडर और निर्माण सामग्री सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल बड़े-बड़े दावे और प्रचार करने में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और युवा सभी सरकार की नीतियों से परेशान हैं। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किसानों की स्थिति को सबसे अधिक चिंताजनक बताते हुए कहा कि खेती-किसानी पूरी तरह डीजल आधारित हो चुकी है। ट्रैक्टर, पंप, हार्वेस्टर सहित अधिकांश कृषि उपकरण डीजल से चलते हैं। ऐसे में डीजल की बढ़ती कीमतों से खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और किसानों की आर्थिक कमर टूट रही है। उन्होंने खाद संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिले एवं प्रदेश में डीएपी और यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, फिर भी समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। आशीष छाबड़ा ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लिया जाए, प्रदेश में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

## जय शक्ति आश्रम निकुम के संतश्री माताजी की हालत गंभीर

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के निकुम ग्राम में स्थित जय शक्ति आश्रम (तीर्थराज देवी निकुंभला धाम) के संस्थापक व संतश्री माताजी की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हे रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के आईसीयू में भर्ती करवाया गया है। जहां डॉक्टरों की निगरानी पर इलाज चल रहा है। निकुम एक प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक केंद्र है। यह आश्रम क्षेत्र में शांति, लोक कल्याण और धार्मिक अनुष्ठानों का एक प्रमुख केंद्र रहा है। संतश्री माताजी के द्वारा व उनके मार्गदर्शन में जहां समय-समय पर बड़े यज्ञ और महायज्ञ आयोजित किए गए हैं। गणपति भद्रकाल्यै नमः जैसे विशिष्ट महायज्ञों का आयोजन किया जा चुका है। प्रमुख अनुष्ठान और महायज्ञःक्षेत्र में सुख-शांति और अकाल व सूखे से राहत दिलाने के लिए आश्रम में विशेष अनुष्ठान हुए हैं। पूर्व जनपद सभापति रूपेश देशमुख व निकुम शिवमहापुराण कथा के मुख्य आयोजक रूपेश देशमुख ने बताया कि संतश्री माताजी को इलाज के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया है। ब्रेन स्ट्रोक की वजह से उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।



## कोसानाला के सीमांकन में बड़ा खेल, एक नाले का दो खसरा नंबर, हो रहा एक का ही सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत आने वाले कोसानाला से लगी शासकीय जमीन का सीमांकन में बड़ा खुलासा हुआ है। जिस नाले का सीमांकन किया जा रहा है राजस्व रिकार्ड में उसे दो भाग में बांटकर नक्शा बनाया गया और दोनो का अलग-अलग खसरा नंबर भी अंकित किया गया है, लेकिन आरआई और पटवारी की टीम ने केवल जुनवानी एरिया के 794 नंबर खसरा को नापा और नाले की चौड़ाई 16 मीटर बता दी, जबकि वास्तविकता ये है कि नाले की चौड़ाई कोहका क्षेत्र में खसरा नंबर 2029 की 16 मीटर और जुनवानी एरिया में खसरा नंबर 794 में 16 मीटर है। इस तरह कुल नाले की चौड़ाई 32 मीटर व उससे अधिक है, लेकिन भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी नाले को 16 मीटर दिखाकर नाप रहे हैं। पार्षद हरिओम तिवारी ने इस नाले का कई साल पुराना राजस्व नक्शा निकाला। उसमें साफ अंकित है कि तत्कालीन राजस्व विभाग के अधिकारियों ने एक ही नाले को दो भाग में दिखाते हुए कोहका एरिया और जुनवानी एरिया का खसरा भी अलग-अलग अंकित कर दिया था। इसी गलती का फायदा उठाकर कई लोगों ने नाला और उससे लगी शासकीय जमीन खसरा नंबर 1177, 901 और 2040 की कई एकड़ जमीन पर कब्जा किया और वहां बड़ी बड़ी बिल्डिंगे तक तान दी है। अब तक की जांच रिपोर्ट और आरआई पटवारियों से बातचीत में यह पता चला है कि शशांक रस्तोगी और विपिंदर सिंह ने शासकीय जमीन पर कब्जा किया है। टीम का कहना है कि वो और भी नाले से लगी शासकीय जमीन का सीमांकन कर रहे हैं। इस यह सीमांकन एसएलआर टीम के निर्देशन में होगा। इसमें जिन लोगों के भी नाम आएंगे उसकी रिपोर्ट कलेक्टर अभिजीत सिंह को दी जाएगी। उसके बाद उनके निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



- कोहका एरिया नाला का खसरा 2029 और जुनवानी का 794 दोनों की चौड़ाई 16-16 मीटर

## पेज 9 का शेष

### सीएम हेल्पलाइन 1076 शीघ्र ...

विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पोर्टल एवं डैशबोर्ड संचालन, शिकायतों के वर्गीकरण, ट्रैकिंग तथा समयसीमा आधारित समाधान की तकनीकी प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। टोल फ्री नंबर 1076 सहित कई माध्यमों से दर्ज होगी शिकायतः प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 पर कॉल कर, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप, व्हाट्सएप अथवा लिखित आवेदन के माध्यम से 24×7 अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा। शिकायत दर्ज होते ही शिकायतकर्ता को एक यूनिक शिकायत क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिससे वह अपनी शिकायत की वर्तमान स्थिति, संबंधित विभाग एवं अधिकारी की जानकारी तथा समाधान की समयसीमा ऑनलाइन देख सकेगा। सीएम हेल्पलाइन सेंटर सप्ताह के सातों दिन एवं चौबीसों घंटे संचालित रहेगा, ताकि नागरिक किसी भी समय अपनी समस्या दर्ज करा सकें। शासन द्वारा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों तक भी इस सुविधा का लाभ सरलता से पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### दो मामलों में 12 ...

अंधेरे का फायदा उठाकर एक व्यक्ति फरार हो गया, जबकि वाहन से 2 पड़वा एवं 2 पड़िया सहित कुल 4 गौवंश बरामद किए गए। वाहन चालक ने अपना नाम दौलत साहू (30 वर्ष) निवासी दौनाडीह थाना नवागढ़ बताया। वाहन में मवेशियों को अमानवीय तरीके से भरा गया था तथा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भी संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने कुल 12 नग गौवंश की अनुमानित कीमत 1 लाख 14 हजार रुपये, पिकअप वाहन की कीमत लगभग 2 लाख रुपये तथा ट्रक की कीमत लगभग 4 लाख रुपये सहित कुल लगभग 7 लाख 14 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों में सुरेन्द्र निषाद,सुखीराम जायसवाल,कपिल जायसवाल दौलत साहू शामिल हैं। सभी आरोपियों को 24 मई न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी नवागढ़ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक ओंकार निर्मलकर, राहुल दुबे, भूपेन्द्र चंद्रवंशी, गजानंद पटेल सहित थाना नवागढ़ स्टाफ एवं गौसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भिलाई निगम कर रहा परिसंपत्तियों का डिजिटल डाटा तैयार

## जीआईएस सर्वे शुरू, संपत्तियों का होगा डिजिटल रिकॉर्ड तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शहर के सुव्यवस्थित विकास एवं कर व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जी.आई.एस. (जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) सर्वे का कार्य प्रारंभ किया गया है। सर्वे के माध्यम से निगम क्षेत्र की सभी संपत्तियों, भवनों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य परिसंपत्तियों का डिजिटल डाटा तैयार किया जाएगा। निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त सर्वे टीम वार्डों में घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित कर रही है। सर्वे के दौरान संपत्ति का माप, उपयोग, निर्माण की स्थिति एवं अन्य आवश्यक जानकारियां संकलित की जा रही हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि सर्वे कार्य में सहयोग प्रदान करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराएं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जी.आई.एस. सर्वे पूर्ण होने के बाद संपत्ति कर निर्धारण में पारदर्शिता आएगी तथा शहर की विकास योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा।

गिम आयुक्त राजीव पांडेय ने बताया कि सर्वे कार्य चरणबद्ध तरीके से सभी जोन एवं वार्डों में कराया जा रहा है तथा कार्य पूर्ण होने के बाद निगम की सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं डिजिटल बनाया जाएगा।

- अधिकारियों ने नागरिकों से सर्वे कार्य में सहयोग व सही जानकारी प्रदान करने की अपील की



## ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से कबाड़ दुकान में लगी आग

**भिलाई।** कबाड़ी की दुकान में अचानक आग लग जाने से सारा सामान जलकर खाक हो गया है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला स्थित राधिका नगर में कबाड़ी दुकान में आग लग गई। आग तेजी से फैलने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। कबाड़ी दुकान के पास में ही ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उसमें अचानक चिंगारी निकली और आग कबाड़ी दुकान तक पहुंच गई। बस्ती के लोगों ने आगजनी की जानकारी दमकल कर्मियों को दी। खबर लगते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझती कबाड़ी दुकान का काफी सामान जल गया था। अग्निशमन टीम के मुताबिक कबाड़ी दुकान परमानंद चंदेल की है। दुकान में बड़ी तादात में कबाड़ था इससे भी आग तेजी से फैली है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण ट्रांसफॉर्मर में हुए शॉर्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है। लेकिन जांच के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग बुझाने में अग्निशमन दल प्रभारी घनश्याम यादव, कर्मी रामनाथ कुर्रे, संतोष कुमार, अनंत कुमार, भीखम, टिकेन्द्र, जितेन्द्र समेत टीम मौजूद थी।



## खबर संक्षेप

### प्रचार में जुटे पिछड़ा वर्ग के नेता

**घुमका।** नगर में पहली बार हो रहे नगर पंचायत चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा सहित पार्षद पद के प्रत्याशियों के पक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री बीरेन्द्र सोनी, जिला अध्यक्ष दिलीप साहू के मार्गदर्शन में जिला महामंत्री पवन निर्मलकर सहित अन्य प्रचार में जुटे हैं। श्री निर्मलकर ने बताया कि भाजपा प्रत्याशियों को अच्छा जनसमर्थन मिल रहा है। चुनाव प्रचार में मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष खोरबाहरा सिन्हा, डॉ. भूपेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लालाराम देवांगन आदि जुटे है।

### बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** बेलगांव में भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जनसंपर्क अभियान को गति देने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी जीवन वर्मा उपस्थित था। संयोजक मुरली गेडाम ने कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। छविन साहू, शेखर साहू, प्रकाश अग्रवाल, धर्मचंद वर्मा तीरथ पटेल एवं कौशल चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने का आव्हान किया। बैठक में योगेश साहू, इतवारी कंवर, जागेश्वर साहू, बाबूलाल वर्मा, सहदेव साहू, राजलाल वर्मा, धर्मेंद्र पटेल, विष्णु खरे सहित अन्य शामिल हुए।

### प्रतीक्षालय निर्माण के लिए भूमि आवंटित

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत पिपरिया के आश्रित ग्राम माटेकटा में लंबित मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण के लिए भूमि आबंटन हुआ है। जमीन के नहीं होने से कई वर्षों से यह कार्य लंबित था। सरपंच ईश्वरी ठाकुर एवं पंचों ने जमीन के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर को आवेदन सौंपा था। पंचायत प्रतिनिधियों के सतत प्रयास के बाद कलेक्टर ने माटेकटा स्थित शासकीय चारागाह की भूमि में से 0.024 हेक्टेयर भूमि को मुक्तिधाम निर्माण के लिए आबंटित किया है। भूमि आवंटन के बाद मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण आगे बढ़ सकेगा। जमीन आबंटन के लिए सरपंच श्रीमती ठाकुर एवं पंचों ने विधायक दलेश्वर साहू एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है। गत दिनों सरपंच श्रीमती ठाकुर एवं पंचों ने विधायक को पुष्पगुच्छ प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेसजन मिले विधायक से

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से उनके निवास में असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों हेतु आमंत्रित किया।

### विष्णु लोधी को मिला वार्ड का प्रभार

**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी को घुमका नगर पंचायत चुनाव में वार्ड प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हे संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं से बेहतर समन्वय एवं जनसंपर्क क्षमता के आधार पर यह जिम्मेदारी दी गई है। जिम्मेदारी सौंपने के लिए श्री लोधी ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला अध्यक्ष विपिन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गत 24 मई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चौथना में कुछ लोग रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और पांच लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस ने सेवक साहू पिता टेंदार साहू, करन साहू पिता गोविंद साहू, महेंद्र केंवड़ा पिता टेंदार केंवड़ा, धरीलाल केंवड़ा पिता कोताराम केंवड़ा तथा मेहतार केंवड़ा पिता देवकरण केंवड़ा निवासी ग्राम चौथना को गिरफ्तार किया है।

---

बीबीए, बीकॉम एवं बीसीए में 100% परीक्षा परिणाम से विश्वविद्यालय गौरवान्वित: कुलसचिव

## समाधान महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



समाधान महाविद्यालय में "निःशुल्क समर कैंप समापन, शुभकामना एवं सम्मान समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने अपने ऑनलाइन वीडियो संदेश में कहा कि समाधान महाविद्यालय ने बीबीए, बीकॉम एवं बीसीए जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में 100% परीक्षा परिणाम देकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

■ बी कॉम प्रथम में 90% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

बी कॉम के 90% से अधिक विद्यार्थियों का प्रथम श्रेणी में आना बड़ी उपलब्धि है, उन्होंने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं महाविद्यालय प्रबंधन को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी, डायरेक्टर एवं प्राचार्य डॉ. अवधेश पटेल तथा आईएनएच संवाददाता सूरज सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बीकॉम, बीबीए एवं बीसीए में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं प्राध्यापकों के मार्गदर्शन को दिया। इसी अवसर पर 11 मई से 25 मई तक आयोजित निःशुल्क समर कैंप का समापन भी सम्पन्न हुआ।

समर कैंप में विद्यार्थियों ने बेसिक कंप्यूटर, कौशल विकास, कैरियर मार्गदर्शन, संचार कौशल एवं स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं प्राचार्य डॉ. अवधेश पटेल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। आईएनएच संवाददाता सूरज सिन्हा ने 100% परीक्षा परिणाम को महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताया।

उप प्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू एवं कॉमर्स विभाग की विभागाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की शुभ कामनाएँ दीं। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बीएससी, बीबीए, बीसीए, डीसीए, पीजीडीसीए एवं बीकॉम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बीसीए के गुलशन साहू, हर्ष साहू, कुलदीप साहू, बीसीए चौथे सेमेस्टर से प्रथम स्थान प्राप्त नूरी सिन्हा, द्वितीय मेहताब एवं तृतीय शौर्य शंकर साहू शामिल रहे। वहीं पीजीडीसीए के अभिषेक, दुर्गा एवं अजय कुमार तथा डीसीए के गगन, नितिन तिवारी एवं देवांश पिलानिया को भी सम्मान प्रदान किया गया।वाणिज्य विभाग में योगेन्द्र साहू, नीरज, रश्मि त्रिपाठी, गगन सिन्हा, आर. महेन्द्र साहू एवं प्रिया को सम्मानित किया गया। वहीं बीबीए के विद्यार्थियों में गुलशन साहू, सौरभ वर्मा, रौनक, श्रेया सोनी, नेहा गुप्ता एवं चंदन को भी सम्मान प्रदान किया गया।

विज्ञान विभाग में आफरीन नाज़, ह्यूमेश देवांगन, देवेन्द्र कुमार साहू, यज्ञान्श तिवारी, रितेश प्रताप, मुकेश पाल, जिज्ञासा पटेल, हेमा साहू एवं आरुषि शर्मा को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

## जलदूत ऐप से कुओं के जलस्तर का होगा प्री-मानसून सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने एवं जल संरक्षण गतिविधियों की प्रभावशीलता का अध्ययन करने के उद्देश्य से जिले में 25 मई से 15 जून तक विशेष प्री-मानसून भूजल सर्वे अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के सभी गांवों में उपलब्ध कुओं का सर्वे "जलदूत ऐप" के माध्यम से किया जाएगा तथा जलस्तर संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। यह अभियान ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

■ 15 जून तक जिले के सभी गांवों में चलेगा विशेष अभियान

सर्वे कार्य में मनरेगा अंतर्गत कार्यरत तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्हें गांवों में उपलब्ध कुओं का निरीक्षण कर जलस्तर की माप लेकर उसकी जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक गांव में उपलब्ध कुओं में से कम से कम 2 से 3 कुओं का चयन कर उनका प्री-मानसून सर्वे किया जाएगा। चयनित कुओं में उपलब्ध जल की वर्तमान स्थिति, जल की गहराई एवं जलस्तर से संबंधित आंकड़ों को जलदूत ऐप में दर्ज किया जाएगा।

### भूजल संरक्षण एवं जल प्रबंधन में मिलेगी मदद

इस सर्वे अभियान के माध्यम से जिले में भूजल स्तर का वैज्ञानिक आंकलन संभव हो सकेगा। वर्षा पूर्व एकत्रित आंकड़ों की तुलना मानसून उपरांत प्राप्त आंकड़ों से कर जल संरक्षण कार्यों, भूजल पुनर्भरण तथा जल उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का विश्लेषण किया जा सकेगा। इससे भविष्य में जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन से संबंधित योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने में सहायता मिलेगी।

### ऑनलाइन रिकॉर्ड से तैयार होगा सटीक डाटा बेस

जलदूत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे प्रत्येक गांव में भूजल स्तर की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। यह डाटा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति का पूर्व आंकलन करने तथा जल संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने में उपयोगी सिद्ध होगा।

## देवादा में स्वच्छता अभियान की उड़ी धज्जी सड़कों पर बह रहा नाली का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला



जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत देवादा में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पंचायत प्रशासन की निष्क्रियता और उदासीन रवैये के कारण गांव की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि गांव की मुख्य सड़कों पर नालियों का गंदा और बदबूदार पानी खुलेआम बह रहा है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और पूरे गांव में अस्वच्छता का माहौल बना हुआ है। ग

रामीणों का आरोप है कि पंचोयत द्वारा समय पर नालियों की सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं किए जाने से यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। सड़कों पर फैली गंदगी और जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में स्वच्छता अभियान केवल कागजों तक सीमित होकर रह गया है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद खराब है। बताया जा रहा है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास और मूलभूत सुविधाओं के लिए हर वर्ष लाखों रुपये की राशि जारी की जाती है, लेकिन देवादा पंचायत में विकास कार्यों का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आवश्यक जनहित कार्यों के बजाय राशि का उपयोग केवल औपचारिक और कागजी कार्यों में किया जा रहा है। इसके चलते गांव की मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कई बार शिकायत और मांग उठाने के बावजूद पंचायत प्रशासन द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जाती। गांव में फैली गंदगी और बदहाल व्यवस्था को लेकर अब लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर नाली सफाई, जल निकासी और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की।

## जबलपुर में आयोजित तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में बेमेतरा के प्रतिनिधियों की सहभागिता

### समाज हित में योगदान के लिए पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सम्मेलन 24 मई 2026, रविवार को कचनार सिटी क्लब, जबलपुर (मध्यप्रदेश) में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर (महाराष्ट्र) एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में बेमेतरा जिले के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सम्मेलन के दौरान समाज हित में किए गए उनके कार्यों एवं योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। अधिवेशन में 2 फरवरी 2026 को गौहाटी (आसाम) में आयोजित अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्रवाई एवं निर्णयों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के 52 जिलों सहित देश के लगभग 20 राज्यों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक एवं बेंगलुरु से भी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिले से शामिल अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के नानक साहू ने बताया कि अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य साहू समाज की एकता एवं संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन करना था। इस दौरान समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा संगठन को नई दिशा देने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय नीतियों एवं समाज के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नारायण साहू (वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, बिलासपुर) ने सामाजिक उत्थान एवं विकास में अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अधिवेशन में हीरालाल साहू, नानक साहू, पवन साहू, देवनाथ साहू एवं गिरधर साहू ने सहभागिता दी ।

## दौजरी में मची अफरा-तफरी, पीड़ित परिवार ने लगाई मुआवजे की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम दौजरी में रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने दो परिवारों का आशियाना जलाकर राख कर दिया। घटना दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है। तेज गर्मी और हवाओं के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार आग अंतूराम धुर्वे एवं भगवान सिंह धुर्वे के घरों में लगी।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घरों में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर एवं अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों घर पूरी तरह जल चुके थे। दमकल कर्मियों ने आसपास फैल रही आग को बुझाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। ऐसे हालात में आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजे की मांग की है।

## ग्राम घिवरी में 7 दिवसीय भव्य राजयोग शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



ग्राम घिवरी में ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्र बेमेतरा द्वारा आयोजित 7 दिवसीय भव्य राजयोग शिविर का शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल एवं आकर्षक कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा, बुजुर्ग एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान पूरा गांव "ओम शांति", "सत्यम शिवम सुंदरम" तथा आध्यात्मिक गीतों से गुंजायमान हो उठा। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। ब्रह्माकुमारीज के भाई-बहनों ने गांव-गांव पहुंचकर राजयोग, आत्मिक शांति एवं नैतिक मूल्यों का संदेश दिया।

■ कलश यात्रा से गूंजा गांव, रहा आध्यात्मिक वातावरण

यात्रा के माध्यम से तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच एवं नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की सभापति देवी परमेश्वर वर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भुनेश्वरी रामावतार कश्यप, सदस्य जनपद पंचायत साजा, कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत घिवरी की सरपंच सावित्री ओमप्रकाश कश्यप सहित वरिष्ठ ग्रामवासी कुलेश्वर कश्यप, गंगाराम , छन्नू भाई, रामावतार कश्यप एवं गंगाधर वर्मा भी मौजूद रहे। अतिथियों का पुष्प गुच्छ, बैज एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। राजयोग शिविर को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा की शशि दीदी ने आत्मा के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि आत्मा की तीन मुख्य शक्तियां मन, बुद्धि और संस्कार हैं। मन विचार उत्पन्न करता है, बुद्धि सही-गलत का निर्णय करती है तथा संस्कार व्यक्ति के व्यवहार और व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं के बावजूद मानसिक तनाव, क्रोध, भय और अशांति से घिरा हुआ है, जिसका मुख्य कारण आत्मिक शक्ति का कमजोर होना है। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से व्यक्ति अपने मन को सकारात्मक, बुद्धि को शक्तिशाली एवं संस्कारों को श्रेष्ठ बना सकता है। कार्यक्रम में ग्राम घिवरी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, माताएं-बहनें, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन एवं आध्यात्मिक उमंग का वातावरण देखने को मिला। अंत में सभी को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया तथा विश्व शांति के लिए सामूहिक योगाभ्यास किया गया। आयोजन में उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों ने ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा समाज में नैतिक जागृति एवं आध्यात्मिक चेतना फैलाने के प्रयासों की सराहना की।

### मुख्य अतिथि ने दिया नैतिक जागरूकता का संदेश

मुख्य अतिथि देवी परमेश्वर वर्मा ने कहा कि आज समाज को सबसे अधिक आवश्यकता आध्यात्मिकता एवं नैतिक मूल्यों की है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में लोग मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। ऐसे समय में ब्रह्माकुमारीज संस्था समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति, चरित्र निर्माण एवं सकारात्मक सोच अपनाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि भुनेश्वरी रामावतार कश्यप ने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति हैं और जब महिलाएं आध्यात्मिक रूप से जागरूक होती हैं तो पूरा परिवार संस्कारित बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सरपंच सावित्री ओमप्रकाश कश्यप ने कहा कि ग्राम घिवरी में इस प्रकार का आध्यात्मिक आयोजन गांव के लिए सौभाग्य की बात है। इससे ग्रामीणों को मानसिक शांति, नैतिक शिक्षा एवं जीवन जीने की नई दिशा मिलेगी।

श्री शिव महापुराण मानव जीवन को पाप और दुःख से बचाने का दिव्य मार्ग

## शिव तत्व को जानने वाला जीवन मुक्त हो जाता है: दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



ग्राम अर्जुनी में आयोजित गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। कथा व्यास दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री शिव महापुराण साक्षात भगवान शिव का वांग्मय स्वरूप है। शिव महापुराण और भगवान शिव दोनों अभिन्न हैं।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण जिले के कल्याण, सुख और शांति के लिए इस महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया गया है। "शिव" का अर्थ ही कल्याण होता है। कलियुग में पाप बढ़ेगा, पुण्य घटेगा और लोग नास्तिक एवं शरीरवादी बनेंगे, जिससे दुःख बढ़ेगा। ऐसे समय में श्री शिव महापुराण मानव जीवन को पाप और दुःख से बचाने का दिव्य मार्ग है।

स्वामी जी ने कहा कि श्री शिव महापुराण में वर्णित है कि मनुष्य अपने शरीर को ही प्रयागराज बना सकता है। भगवान शिव का नाम गंगा, भस्म यमुना और रुद्राक्ष सरस्वती के समान हैं। जिस व्यक्ति के शरीर में ये तीनों तत्व हों, उसे यहीं तीर्थराज प्रयाग का पुण्य प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति के दर्शन मात्र से भी प्रयागराज का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में एक-एक कदम चलने पर अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है। श्री भरत ने भी तीर्थराज प्रयाग से भगवान श्रीराम के चरणों में भक्ति मांगी थी। प्रयागराज मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला और ब्रह्मलोक जाने का मार्ग माना गया है। कथा के दौरान स्वामी जी ने कहा कि श्री शिव महापुराण का श्रवण करने से पाप नष्ट होते हैं तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति शिव तत्व को जान लेता है, वह जीवनमुक्त हो जाता है। कलियुग का प्रभाव तब तक रहता है जब तक मनुष्य शिव महापुराण से दूर रहता है। कथा जीवन में आते ही कलियुग का प्रभाव समाप्त होने लगता है। उन्होंने देवराज नामक एक पापी ब्राह्मण की कथा सुनाते हुए बताया कि वह झूठ बोलता था, विश्वासघात करता था और पापमय जीवन जीता था। एक बार वह संयोगवश शिवालय पहुंचा, जहां शिव महापुराण कथा चल रही थी। कथा सुनते-सुनते उसकी मृत्यु हो गई और भगवान शिव के गण उसे शिवधाम ले गए। इससे स्पष्ट होता है कि शिव महापुराण बड़े से बड़े पापी का भी उद्धार कर देता है। स्वामी जी ने कहा कि भगवान शिव समन्वय के देवता हैं, जिनके दरबार में देवता, दानव और मानव सभी समान रूप से आते हैं। इस अवसर पर बताया गया कि सलधा में सवा लाख शिवलिंग मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 5100 रुपये देकर पति-पत्नी अथवा परिवार के दो सदस्य अपने नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन प्रातःकाल यज्ञ एवं पूजन का कार्यक्रम दोपहर लगभग 1 बजे तक चलता है, जबकि दोपहर 2:30 बजे से श्री शिव महापुराण कथा का मंचन प्रारंभ होकर हरि इच्छा तक चलता रहेगा।

